Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 26 फरवरी 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 150

# पीएम मोदी ने किया सबसे लंबे केबल ब्रिज सुदर्शन सेतु का उद्घाटन





**द्वारका (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने द्वारका में ओखा मुख्यभूमि और द्वारका को जोडऩे वाले सुदर्शन सेतु का उद्घाटन किया।गुजरात दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी राज्य को 52 हजार करोड़ रुपये की सौगात देंगे। साथ ही वे राजकोट एम्स को भी जनता को समर्पित करेंगे।

बता दें कि केबल-आधारित सुदर्शन सेतु ओखा मुख्यभूमि और द्वारका को जोड़ता है। ये लगभग 2.32 किमी लंबा पुल है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेट द्वारका मंदिर में पूजा और दर्शन किए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि चार लेन वाले 27.20 मीटर चौड़े पुल के दोनों तरफ 2.50 मीटर चौड़े फुटपाथ हैं। सुदर्शन सेतु एक अद्वितीय डिजाइन से बना हुआ है, जिसमें भगवद गीता के श्लोकों और दोनों तरफ भगवान कृष्ण की तस्वीरों से सजा हुआ एक फुटपाथ है। इस पुल को 'सिग्नेचर ब्रिज' के नाम से जाना जाता था और अब इसका नाम बदलकर 'सुदर्शन ब्रिज' कर दिया गया है। बेयट द्वारका ओखा बंदरगाह के पास एक द्वीप है, जो द्वारका शहर से लगभग 30 किमी दूर है। यहीं भगवान कृष्ण का प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर स्थित है। पीएम मोदी ने द्वारकाधीश मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

### पीएम मोदी ने की स्कूबा डाइविंग, समंदर में डूबी द्वारिका नगरी के किए दर्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने पहले बेट द्वारका मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सबसे लंबा केबल ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने द्वारका के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग भी की। इस दौरान उनकी सुरक्षा में भारतीय नौसेना के अधिकारी तैनात रहे।

द्वारका में एडवेंचर स्पोर्ट्स और टूरिज्म को बढ़ावा देने के मकसद से पीएम मोदी ने स्कूबा डाइविंग की। इस दौरान पीएम मोदी गहरे समुद्र में गए और उस स्थान पर प्रार्थना की, जहां भगवान श्री कृष्ण का जलमग्न द्वारका शहर है। यह प्राचीन शहर भगवान श्री कृष्ण से जुड़ा हुआ है, जो भव्यता और समृद्धि का केंद्र था। यह समुद्र के भीतर एक ऐसा स्थान है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संजोए हुए है। पीएम मोदी ने स्कूबा डाइविंग के जरिए भगवान श्रीकृष्ण से अपने गहरे जुड़ाव को उजागर किया। उन्होंने इसको लेकर कहा कि यह एक दिव्य अनुभव था। पीएम मोदी इसके पहले लक्षद्वीप में भी स्कूबा डाइविंग कर चुके हैं और तब उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। गौरतलब है कि स्कूबा डाइविंग में पानी की गहराई में तैरना होता है। इसके लिए ऑक्सीजन सिलेंडर व तैराकी वाले पोशाक और स्विमिंग गॉगल्स की भी जरूरत होती है। इसे सेल्फ कंटेंड अंडरवाटर ब्रीदिंग एपरेसट कहा जाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश के पांच नए एम्स और 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में लोगों को किफायती स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। आज राजकोट में पांच नए एम्स और 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीमारी रोकना और बीमारी से लडने के लिए क्षमता बढाना भी उनकी सरकार की प्राथमिकता है। मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने देश में दस नये एम्स को मंजूरी दी है। इस अवधि में एमबीबीएस और पीजी की सीटें भी काफी बढाई गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को दिखाने के लिए आज बड़ी स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा दे रही है और सौर तथा पवन चक्की पार्क स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से सरकार मध्यम वर्ग के परिवारों के बिजली बिलों में कटौती करके जीरो लाने की कोशिश कर रही है।

बेट द्वारका में गहरे समुद्र में अपने अनुभव के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की उनकी परिकल्पना को आज आध्यात्मिक शक्ति मिली है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 11 हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की दो सौ से ज्यादा स्वास्थ्य देखभाल ढांचागत परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कमरे में फटा छोटा गैस सिलेंडर, चार घायल

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा के थाना फेज 3 इलाके में रविवार सुबह 6:30 बजे एक कमरे में रखा पांच किलो का छोटा गैस सिलेंडर फटने से चार लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए। सिलेंडर फटने के कारण कमरे में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 25 फरवरी को सुबह 6:30 बजे थाना फेज-3 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-ममूरा गली नम्बर 3 में 5 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर फटने के कारण आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग भूतल पर एक कमरे में लगी थी। इसमे अतर सिंह (35), मिथलेश (32), कृष्णा (15) और गौरी (10) झुलस गए। सभी को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। मामले की जांच की जा रही है।


### मुंबई फिल्म सिटी के पास दीवार गिरने से दो की मौत, एक घायल

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के गोरेगांव में फिल्म सिटी के पास शनिवार शाम एक विशाल दीवार गिरने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने यह जानकारी दी। यह घटना फिल्म सिटी के गेट नंबर-2 के पास की बताई जा रही है जहां 60 फीट लंबी और 20 फीट ऊंची दीवार अचानक गिर गई। तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। दो घायलों को हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे अस्पताल ले जाया गया जहाँ दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पहचान 32 वर्षीय सिंटू मंडल और 45 वर्षीय जयदेव प्रह्लाद विश्वास के रूप में हुई है। एक अन्य घायल 29 वर्षीय विक्रम मंडल को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उसे इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। गोरेगांव थाने ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### झारखंड के गुमला में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को एक सडक़ हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी। तीनों युवक शादी समारोह में हिस्सा लेकर घर लौट रहे थे। घटना गुमला जिले के टोंटो पेट्रोल पंप के सामने की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों युवक बाइक पर सवार थे। उन्होंने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर वाहन से टकरा गयी। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में गुमला के टोटो दारटोली निवासी चीकू गोप, केसीपारा गांव का इंद्रजीत और एक अन्य युवक शामिल हैं।

### माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए इलेक्ट्रॉनिक चिप अनिवार्य करेगा नेपाल, आपात स्थिति में मददगार होगी साबित



**काठमांडू।** नेपाल जल्द ही विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले सभी पर्वतारोहियों के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक चिप ले जाना अनिवार्य कर देगा। यह चिप चढ़ाई के दौरान किसी भी आपात स्थिति में बचाव अभियान में मददगार प्रमाणित होगी। पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग ने कहा कि इस चिप की कीमत 10 से 15 डालर (828 से 1243 भारतीय रुपये के आसपास) होगी। इस वर्ष वसंत ऋतु से सरकार ऐसी चिप को अनिवार्य बनाने की दिशा में नियम बनाएगी। वसंत ऋतु से ही माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई शुरू होती है। भारत और नेपाल समेत विश्व भर से हजारों पर्वतारोही 8,849 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए पहुंचते हैं। सागरमाथा के नाम से ज्ञात इस शिखर तक कई लोग पहुंच जाते हैं। इस क्रम में दुर्घटना या अन्य कारण से कई की जान चली जाती है अथवा चढऩे-उतरने के दौरान पर्वतारोही गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। नेपाल सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 1953 से अभी तक 300 लोगों की जान जा चुकी है। नेपाली अधिकारियों ने कहा कि 2023 के वसंत ऋतु में 22 मई तक माउंट एवरेस्ट पर अभियानों के दौरान चार नेपाली, एक भारतीय और एक चीनी समेत 12 पर्वतारोहियों की मौत हो गई।

# बिना ड्राइवर के 75 किमी तक 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन



**होशियारपुर (आरएनएस)।** रविवार सुबह कठुआ से एक मालगाड़ी बिना ड्राइवर के ही ट्रैक पर दौडऩा शुरू हो गई। बात का जैसे ही स्टेशन अधीक्षक को पता तो उसने तुरंत प्रभाव से कंट्रोल को सूचित किया। इसके बाद माधोपुर, सुजानपुर, भरोली, पठानकोट कैंट, मुकेरियां आदि स्टेशन मास्टरों को लाइन क्लीयर करने का आदेश जारी हो गया।इसके बाद ट्रेन सभी स्टेशनों पर बिना किसी रुकावट के दौड़ती गई। सुबह करीब 7:20 बजे यह मालगाड़ी निकली, जिसे करीब 9:15 बजे ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया। गणीमत रही कि मालगाड़ी के आगे कोई ट्रेन नहीं चल रही थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।कठुआ-पठानकोट के बीच भरोली जंक्श्न स्टेशन पर ट्रेन की गति सीमा 30 निर्धारित की गई हैं, लेकिन परंतु ट्रेन वहां भी 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी। पठानकोट रेलवे के ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनमोहन सैनी का कहना है कि मालगाड़ी को रोक लिया गया है। ट्रेन कैसे चली इसकी अभी जांच हो रही है।फिलहाल, मंडल के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

# कौशांबी की पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त ब्लास्ट, 5 लोगों की मौत

### 0 कई गंभीर रूप से घायल



**कौशांबी (आरएनएस)।** कौशांबी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में एक पटाखा फैक्ट्री में सुबह तकरीबन 11.30 मिनट पर जबरदस्त ब्लास्ट हुआ। इस हादसे में 5 लोगों के मारे जाने की खबर सामने आई है जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। हालांकि अभी सटीक आंकड़ों का खुलासा नहीं हो पाया है। हादसा इतना भयानक था कि कई किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी।

एक के बाद एक धमाकों से पूरा इलाका थर्रा उठा। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने 10 लोगों को बाहर निकाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है। धमाकों से झुलसे कई लोगों की हालत गंभीर है। विस्फोट के एक घंटे बाद तक दमकल गाडिय़ों के न पहुंचने के चलते स्थानीय लोग गुस्से में हैं।

बताया जा रहा है कि यह फैक्ट्री खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली की है। इस हादसे में शराफत अली समेत कई लोग बुरी तरह झुलस गए हैं। मरने वाले एक शख्स शिव नारायण की पहचान की हो पाई है। जिसकी उम्र 30 साल थी और वह भोलानाथ का पुत्र था। इसके अलावा घायल बबलू पटेल, अशोक पटेल, कौशल अली और शराफत अली को एंबुलेस के जरिए अस्पातल ले जाया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसपी बृजेश श्रीवास्तव पहुंच गए हैं और लोगों को इलाज के लिए भेजा गया। फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद है और मलबे में फंसे लोगों को निकलने की कोशिश की जा रही है। इस हादसे के पेश आने के बाद लोगों की भीड़ इक_ा हो गई है और पुलिस उन्हें हटाने की कोशिश कर रही है। वहीं कई स्थानीय नेता भी मौके पर मौजूद हैं।

# वायुसेना ने फिर दिया क्षमता का परिचय, लीवर ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टरों को किया एयरलिफ्ट; पूर्व सैनिक की बचाई जान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय वायुसेना ने एक बार फिर से अपनी क्षमता का परिचय दिया है। दरअसल, शुक्रवार को वायु सेना के अधिकारियों ने बिना समय गवाए तुरंत आर्मी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की एक टीम को पुणे से दिल्ली पहुंचाया, जिससे एक पूर्व सैनिक की जान बचाई जा सकी। यह मिशन इसलिए भी बहुत खास रहा क्योंकि इसे शॉर्ट नोटिस पर अंजाम दिया गया। वायुसेना की ओर से रविवार को इसकी जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि बीते 23 फरवरी की रात को इस मिशन को अंजाम दिया गया।

इंडियन एयरफोर्स की ओर से बताया गया कि ट्रांसप्लांट सर्जरी के चलते इस व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिली। सेना के इस प्रयास की काफी तारीफ हो रही है। सोशल मीडिया पर लोगों ने इसे लेकर सेना को अपना सलाम भेजा है। मालूम हो कि आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) को आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) के नाम से भी जाना जाता है। सशस्त्र बलों के लिए दिल्ली छावनी क्षेत्र में स्थित यह प्रमुख मेडिकल केयर सेंटर है, जहां सशस्त्र बलों से जुड़े कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों का इलाज किया जाता है।

कुछ दिनों पहले जम्मू में बर्फीले तूफान और भूस्खलन की वजह से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 80 से अधिक छात्र और शिक्षक फंस गए थे। इन सभी लोगों को सेना की टुकड़ी ने बचा लिया था। अधिकारियों ने बताया कि भारी बर्फबारी और भूस्खलन के कारण सडक़ें बाधित हो गईं, जिसकी वजह से कई यात्री खतरनाक जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर फंस गए। इनमें लॉ यूनिवर्सिटी के 74 छात्र और उनके साथ गए 7 कर्मी शामिल थे। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की। राजस्थान विधि महाविद्यालय के घबराए हुए कर्मचारियों और छात्रों को अवरुद्ध राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 से बचा लिया गया।

### अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाज पर ड्रोन से हमला, भारतीय युद्धपोत ने बचाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना ने कथित ड्रोन हमले में आग लगने के बाद पलाऊ के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी आइलैंडर को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। नौसेना ने बताया कि घटना 22 फरवरी को हुई। नौसेना ने एक बयान में कहा, आपात कॉल पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय नौसेना का विध्वंसक, समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात मिशन 22 फरवरी की दोपहर जहाज के आसपास पहुंच गया। इसमें कहा गया है कि भारतीय नौसेना के विस्फोटक युद्ध सामग्री विशेषज्ञ जहाज पर चढ़े और सुनिश्चित किया कि कोई और जोखिम नहीं है। बयान में कहा गया है, जहाज को आगे के पारगमन के लिए मंजूरी दे दी गई थी।

# जालंधर में गैंगस्टर लखबीर के 3 साथी गिरफ्तार, 17 हथियार और 33 मैगजीन बरामद




**जालंधर । आरएनएस**

जालंधर कमिश्नरेट पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर लखबीर लंडा के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 17 हथियार और 33 मैगजीन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपी मध्य प्रदेश से हथियार लेकर आते थे और यहां महंगे भाव में बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

पंजाब के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर लखबीर सिंह संधू उर्फ लंडा पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को ही 15 लाख रुपए इनाम रखा है। लखबीर सिंह पर पंजाब में आतंक फैलाने के आरोप हैं। वह 2017 में विदेश भाग गया था। तब से हृद्ध्र उसकी तलाश कर रही है। लखबीर सिंह पंजाब में कई आतंकी घटनाओं और पाकिस्तान से असलहों की सप्लाई में भी शामिल रहा है।

# मायावती की पार्टी को बड़ा झटका, पीएम मोदी के साथ लंच करने वाले बीएसपी सांसद रितेश पांडे भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में मायावती की पार्टी बहुजन समाज पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर लोकसभा सीट से बसपा सांसद रितेश पांडेय ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, यूपी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और भाजपा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में बसपा सांसद रितेश पांडेय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

माना जा रहा है कि रितेश पांडेय को भाजपा लोकसभा चुनाव में पार्टी का उम्मीदवार बना सकती है। हालांकि पार्टी की परंपरा के अनुसार इस बारे में अंतिम फैसला भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में ही किया जाएगा।

आपको बता दें कि, शनिवार को भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में हुई बैठक में जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश संगठन महासचिव धर्मपाल के साथ उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव में हारी हुई जिन 14 लोकसभा सीटों पर चर्चा की थी, उसमें अंबेडकर नगर लोकसभा की सीट भी शामिल थी। इसी बैठक में बसपा सांसद रितेश पांडेय के भाजपा में शामिल होने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई थी।

# पीएम मोदी आज अमृत भारत स्टेशन योजना से जुड़े लखनऊ मंडल के 24 स्टेशन समेत 65 स्थानों पर करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण



**लखनऊ (आरएनएस )।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 26 फरवरी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो लिंक के जरिये उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के 24 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास तथा 15 आरओबी व 26 आरयूबी सहित कुल 65 स्थानों पर शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे।वर्ष 2024-25 के बजट में रेलवे परियोजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए राज्य को रिकॉर्ड 19,575 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। डीआरएम सचिन मोहन शर्मा ने जानकारी दी कि इसी क्रम में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर और रेल सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में स्टेशनों के पुनर्विकास, आरओबी और आरयूबी के इस सम्पूर्ण कार्य को लेकर 1871.92 करोड़ की अनुमानित लागत से सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है।बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों का पुनर्विकास करते हुए इनका आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके तहत नया स्टेशन भवन, सकुर्लेटिंग एरिया मे विस्तार, यात्री सुविधाएं, सभी श्रेणियों के स्टेशनों पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म उपलब्ध कराए जाएंगे, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्टेशन के पहुंच मार्गों में सुधार तथा स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं सहित अन्य कार्य शामिल हैं। बताया कि मण्डल के सभी 65 स्थानों पर यह कार्यक्रम प्रात: 11:30 बजे शुरू होगा और पीएम मोदी दोपहर 12:30 पर शिलान्यास/लोकार्पण के वीडियो लिंक कार्यक्रम से जुड़ जाएंगे। इस दौरान सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा सहित मंडल के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें।